दैनिक यशोभूमि

## ओडिशा में मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए

**भुवनेश्वर। भाषा,** ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के एसओजी के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई।

## हरियाणा के सिरसा में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**चंडीगढ़। भाषा,** हरियाणा के सिरसा जिले और उसके आसपास के इलाकों में बृहस्पतिवार शाम को भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.2 तीव्रता मापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप के यह झटके शाम 6.10 बजे महसूस किए गए और इसका केंद्र सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।



# तेलंगाना को बना दिया है 'दिल्ली का एटीएम' : शाह

**यशोभूमि/भाषा**

**हैदराबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सत्ता में आने के कुछ ही समय के भीतर राज्य को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया

### नहीं की बीआरएस के भ्रष्टाचार की जांच

है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मेढक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव के समर्थन में राज्य के सिद्दीपेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, इतने कम समय में कांग्रेस ने तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया। कांग्रेस पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 'भ्रष्टाचार' की जांच नहीं कर रही है, चाहे वह कालेश्वरम (परियोजना) हो या भूमि घोटाला। पूर्व में बीआरएस का नाम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) था। शाह ने कहा,



टीआरएस और कांग्रेस, दोनों मिली हुई हैं। आप मोदी जी (नरेन्द्र मोदी) को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं, मोदी जी तेलंगाना को इस भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाएंगे। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में जीत के बाद पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना में सत्ता संभाली थी। उन्होंने दावा किया कि तेलंगाना की जनता इस बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने हर सीट पर भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने कहा कि तेलंगाना का समग्र विकास तभी हो सकता है जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और बीआरएस अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बिल्कुल भी पक्ष में नहीं थे। शाह ने दावा किया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने 10 वर्ष में उन समस्याओं का समाधान किया है जिनसे देश

**शाह ने लोगों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भाजपा तेलंगाना में 12 सीट (कुल 17 में से) पर विजयी हो। उन्होंने कहा कि रघुनंदन राव को दिये गये हर वोट से मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने में मदद मिलेगी।**

लंबे समय से त्रस्त था। उन्होंने कहा, मोदी ने अनुच्छेद 370 के ज्यादाता प्रावधानों को निरस्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए देश के साथ जोड़ दिया है।

# बेंगलुरु ने हैदराबाद को हराया

**यशोभूमि/एजेंसी**

**हैदराबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) ने आईपीएल -2024 में दूसरा मैच जीता है। टीम ने सीजन के 41वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच ) को 35 रन से हराया। बेंगलुरु सीजन में लगातार 6 मैच हारने के बाद जीती है, जबकि हैदराबाद ने लगातार 4 जीत के बाद कोई मुकाबला गंवाया है।

हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 171 रन ही बना सकी। पहले




### कोहली और पाटीदार ने बनाया अर्धशतक

बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने तेजतर्रार शुरुआत की। कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी (12 गेंदों में 25) ने पहले विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। यह पार्टनरशिप चौथे ओवर में टूटी। विल जैक्स (6) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद, कोहली और पाटीदार ने तीसरे विकेट के लिए 65 रन जोड़े। पाटीदार 13वें ओवर में 130 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। उन्होंने 20 गेंदों में दो चौकों और 5 छक्कों के दम पर 50 रन की तूफानी पारी खेली। कोहली 15वें ओवर में आउट हुए। उनके बल्ले से 43 गेंदों में 51 रन निकले, जिसमें चार चौके और एक सिक्स शामिल है।

महिपाल लोमरोर ने 7 और ने स्वप्निल सिंह ने 12 रन का योगदान दिया। कैमरून ग्रीन 20 गेंदों में पांच चौकों के जरिए 37 रन बनाकर नाबाद रहे।आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 206 रन जुटाए। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने अर्धशतक ठोका। हैदराबाद के लिए जयदेव उनादकट ने तीन और टी नटराजन ने दो विकेट चटकाए। मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार ने एक-एक शिकार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा की

**यशोभूमि/भाषा**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश की तीन लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। बसपा द्वारा जारी सूची के मुताबिक,रायबरेली लोकसभा सीट से पार्टी ने ठाकुर प्रसाद यादव को, आंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी को तथा बहराइच (सुरक्षित) सीट से ब्रजेश कुमार सोनकर को उम्मीदवार बनाया है। रायबरेली सीट पर पांचवें चरण में 20 मई को, आंबेडकर नगर में छठे चरण में 25 मई को तथा बहराइच सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा।

### यह लोस. चुनाव सबसे खर्चीला : विशेषज्ञ

**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** इस साल का लोकसभा चुनाव खर्च के मामले में पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया की सबसे खर्चीली चुनावी कवायद बनने जा रहा है। एक चुनाव विशेषज्ञ ने यह बात कही। चुनाव संबंधी खर्चों पर पिछले करीब 35 साल से नजर रख रहे गैर-लाभकारी संगठन 'सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज' (सीएमएस) के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च के 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2019 में खर्च किए गए 60,000 करोड़ रुपये से दोगुने से भी अधिक है।

### सेना को मिले 112 मेडिकल स्नातक

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** पुणे स्थित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा में नियुक्त इन 112 कैडेटों में से 87 पुरुष कैडेट और 25 महिला कैडेट हैं। उनमें से 81 को थल सेना में, 10 को नौसेना में और 14 को भारतीय वायु सेना में नियुक्त किया गया। मंत्रालय ने बताया, पुणे स्थित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को 25 अप्रैल को कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड पर आयोजित समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्त किया गया।

### जांच पूरी करने के लिए दिया अतिरिक्त समय

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस को संसद की सुरक्षा में चूक के मामले की जांच पूरी करने के लिए बृहस्पतिवार को अतिरिक्त वक्त दे दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को अपनी जांच पूरी करने के लिए एक और महीने का समय दिया और 25 मई तक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

### दिल्ली में प्लास्टिक के पाइपों में लगी आग

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में जामिया नगर में कुछ प्लास्टिक के पाइपों में आग लग गयी जिस पर काबू पाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल सेवा के अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# स्कूली नौकरी खोने वाले 19,000 लोग हो सकते हैं उचित पात्र: बंगाल एसएससी

**यशोभूमि/भाषा**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने कलकत्ता उच्च न्यायालय को 2016 की स्कूल भर्ती समिति की ओर से नियुक्त ऐसे 5300

### 5300 लोगों की थीं नियुक्तियां संदिग्ध

लोगों की सूची प्रदान की थी जिनकी नियुक्तियां संदिग्ध थीं। एसएससी ने साथ ही कहा कि शेष 19000 शिक्षक पात्र हो सकते हैं। आयोग ने कहा कि उसका यह भी मानना है कि 19,000 ऐसे शिक्षक जिनकी नियुक्तियां उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में रद्द हो गई हैं, हो सकता है कि उनकी योग्यता मानदंड नियुक्ति अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए मानदंडों से मेल खाती हों। राज्य एसएससी के अध्यक्ष सिद्धार्थ



मजूमदार ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हमने न्यायालय के समक्ष उन अभ्यर्थियों की सूची पेश की जहां भर्ती में विसंगतियां पाई गईं। ये सूचियां भर्ती में दो खास अनियमितताओं पर आधारित थीं -एक 'ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन' (ओएमआर) शीट में हेरफेर और दूसरी रैंक में गड़बड़ी। ग्रुप सी और डी के लिए ऐसे उम्मीदवारों और कक्षा 9-10 तथा 11-12 के शिक्षकों की कुल संख्या लगभग 5,300 थी। एसएससी ने यह दावा सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने की पृष्ठभूमि में किया है।

### युवा कांग्रेस ने शुरू किया डिजिटल अभियान

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस ने पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को कांग्रेस की ओर आकर्षित करने के मकसद से बृहस्पतिवार को एक डिजिटल अभियान की शुरुआत की जिसमें दावा किया गया है कि लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अनुमानित सीटों की संख्या 300 है और भाजपा को 150 सीट ही मिलने का अनुमान है। मनु जैन का कहना है कि इस डिजिटल अभियान के तहत कांग्रेस की युवा इकाई ने 'इंडिया 300, भाजपा 150' का नारा दिया है। उन्होंने कहा, यह अभियान देश भर में पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं को शामिल करने और संगठित करने के लिए तैयार किया गया है।

# व्हाट्सएप के जरिए सूचीबद्ध मुकदमों की जानकारी देगा उच्चतम न्यायालय

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं

### डिजिटलीकरण की ओर बढ़ाया कदम

को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। उन्होंने कहा कि इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने व्हाट्सएप को न्यायालय की



सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की।

याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत 'समुदाय के भौतिक संसाधन' माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। इसमें बहुत असरकारक होने की क्षमता है।

व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।

### आइसक्रीम बेचने वाले व्यक्ति की हत्या

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** मध्य दिल्ली के उच्च सुरक्षा वाले इलाके में इंडिया गेट के पास आइसक्रीम बेचने वाले एक व्यक्ति की बीती रात चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस को संदेह है कि यह वारदात प्रेम संबंध के चलते हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे प्रभात (25) इंडिया गेट के 'सी-हेक्सागन' के पास अपने आइसक्रीम के ठेले के पास खड़ा था तभी अजय उर्फ अक्षय ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। प्रभात को अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा देख वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

# ट्रक से टकराई कार, 6 लोगों की मौत

**यशोभूमि/भाषा**

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-65) पर गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक कार के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक

### ओवर स्पीड ने ले ली जान

नवजात भी था। ओवर स्पीडिंग के कारण यह हादसा हुआ है। चार अन्य घायल भी हुए हैं। घटना सुबह करीब 4.45 बजे कोडाद ब्लॉक के दुगापुरम गांव में हुई। मृतकों की पहचान जेला श्रीकांत, मनिक्यम्मा, चंदर राव, कृष्णा राव, स्वर्णा और लास्या के रूप में की गई, जो खम्मम जिले के बोनाकल मंडल के गोविंदपुरम के मूल निवासी थे।

उनकी उम्र का अभी पता नहीं चल पाया है। कोडाद के पुलिस उपाधीक्षक एम श्रीधर रेड्डी ने कहा, घायलों को इलाज के लिए कोडाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और वे खतरे से बाहर हैं। रेड्डी के अनुसार, 10 व्यक्तियों का परिवार एक चर्च कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैदराबाद से विजयवाड़ा तक अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (पंजीकरण संख्याः टीएस09एफएफ7540 के साथ मारुति अर्टिगा कार) में यात्रा कर रहा था।




डीएसपी ने बताया, जैसे ही वे दुर्गापुरम पहुंचे, उनकी कार 100-110 किमी प्रति घंटे की गति से यात्रा करते हुए सड़क के किनारे खड़ी एक लॉरी से टकरा गई। एक शिशु सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

# अरुणाचल में भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा धंसा

**यशोभूमि/भाषा**

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और राष्ट्रीय राजमार्ग-313 का एक हिस्सा धंस गया जिससे यातायात बाधित हो गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी

### यातायात बाधित

दी। निचली दिबांग घाटी में रोइंग को एनीनी से जोड़ने वाले अहम राजमार्ग के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने से दिबांग घाटी जिले से जमीनी संपर्क टूट गया है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात भूस्खलन के कारण हुनली और एनीनी के बीच सड़क क्षतिग्रस्त हो गई जिससे सीमावर्ती जिले का मुख्य भूमि से संपर्क कट गया है। एनीनी के अतिरिक्त उपायुक्त धूर्बाज्योति बोरा ने कहा, जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर सड़क की मरम्मत के लिए श्रमिकों और पर्याप्त मशीनरी को तैनात किया है। यातायात



बहाल होने में कुछ दिन लगेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं कि बृहस्पतिवार की शाम तक सड़क से छोटे वाहन गुजर सकें।

### संदेशखालि में दर्ज की गई पहली प्राथमिकी

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 10 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था।



**भाजपा प्रवक्ता व अभिनेत्री मालविका अविनाश ने हुबली में नेहा हिरेमथ के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। नेहा की उनके कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।**

# मतदान के दौरान कई राज्यों में लू का अनुमान

**यशोभूमि/भाषा**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीट पर लाखों मतदाताओं को मतदान के समय तपती गर्मी और लू का सामना करना पड़ सकता

### मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

है। इस दौरान कई राज्यों में लू चलने का अनुमान लगाया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू की चेतावनी जारी की



है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम बंगाल व ओडिशा के लिए रेड अलर्ट और बिहार व कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि उच्च आर्द्रता से त्रिपुरा, केरल, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, असम, मेघालय और गोवा में लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीट पर शुक्रवार को मतदान होगा। केरल की सभी 20 सीट के अलावा कर्नाटक की 28 में से 14 सीट, राजस्थान की 13 सीट, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की आठ-आठ सीट, मध्य प्रदेश की सात सीट, असम व बिहार की पांच-पांच सीट, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की तीन-तीन सीट और मणिपुर, त्रिपुरा व जम्मू-कश्मीर में एक-एक सीट पर मतदान होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को तेज हवाएं चलेंगी।